# September 2024 Current Affairs | Free Download in PDF

## 1 September 2024 Current Affairs

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 02 सितंबर को तीन दिन की यात्रा पर 'ब्रुनेई' और 'सिंगापुर' जाएंगे।
- भारत, मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका ने हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता की चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव' (Colombo Security Conclave) सचिवालय की स्थापना के लिए चार्टर और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारतीय सेना ने 'प्रोजेक्ट नमन' का पहला चरण लॉन्च किया। बता दें कि इसे रक्षा पेंशनभोगियों, जाने-माने सैनिकों और उनके परिवारों को समर्पित सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' की नई दिल्ली में हुई 56वीं कार्यकारी समिति की बैठक में 265 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।
- 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के लिए, केंद्र सरकार ने विशेष रूप से आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के लिए चार एमबीबीएस सीटें आरक्षित की हैं।
- आईएफएससी में सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (SGrB) के व्यापार और निपटान की योजना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुरू की गई।
- भारतीय सेना ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए प्रोजेक्ट नमन की शुरुआत की।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में उदयपुर(राजस्थान) शहर में GST भवन का उद्घाटन किया।

tuitioncourse.com

# 2 September 2024 Current Affairs

- वियतनामी डॉक्टर गुयेन थी नोक को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जाएगा।
- सात देशों ने पहली बार mRNA लंग कैंसर वैक्सीन 'BNT116' के लिए परीक्षण प्रारंभ किया।
- भारतीय नौसेनिक जहाज तबर ने स्पेनिश नौसेना के जहाज अटालया के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास किया।
- हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 में मुंबई एशिया के अरबपतियों की राजधानी बनी हैं।
- बिहार में पहले राजगीर खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ।
- 5वां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 28-30 अगस्त 2024 तक मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित किया गया था।
- वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (DPE) ने रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (RailTel), राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (NHPC), भारतीय सौर ऊर्जा निगम (SECI) और सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (SJVN) को 'नवरत्न' का दर्जा दिया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला न्यायपालिका सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट का झंडा और प्रतीक चिह्न जारी किया।

---

# 3 September 2024 Current Affairs

- केंद्र सरकार ने हाल ही में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार संबंधी जैव-प्रौद्योगिकी नीति-'बायो ई-3' जारी की है।
- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन को पेरिस ओलंपिक 2024 की सफलता के लिए ओलंपिक ऑर्डर के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।
- नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने पहली बार डूरंड कप जीता।
- शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों का समाधान करने के लिए जस्टिस

Disclaimer: Despite our best efforts, errors or omissions may occur, and we hold no responsibility for them.

नवाब सिंह की अध्यक्षता में समिति का गठन हुआ।
- प्रीति पाल ट्रैक और फील्ड में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पैरा एथलीट बनी।
- कैबिनेट ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दी।
- हॉकी इंडिया की 14वीं कांग्रेस उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित हुई।
- 'फिक्की यंग लीडर्स अवार्ड्स 2024' के पहले संस्करण में नीरज चोपड़ा को 'यूथ आइकॉन अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया।

---

# 4 September 2024 Current Affairs

- 'निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण'(IEPFA) ने दावेदारों के लिए एक नया पांच अंकों का टोल-फ्री नंबर 14453 लॉन्च किया है।
- दक्षिण अफ्रीका ने की भारत से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'TTOS योजना' की घोषणा की।
- विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 25 के लिए भारत के विकास का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7% किया।
- पश्चिम बंगाल विधानसभा ने एंटी-रेप बिल 'अपराजिता' सर्वसम्मति से पारित किया।
- ईरान में धरती का सबसे उच्चतम तापमान 82.2 °C दर्ज किया गया।
- ब्रुनेई जाने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमन्त्री बने।
- पेरिस पैरालिंपिक 2024 में सुमित अंतिल ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।
- केरल को 'हॉलिडे हीस्ट' अभियान के लिए PATA गोल्ड अवार्ड 2024 मिला।

---

# 5 September 2024 Current Affairs

- भारत और यूनेस्को 6 सितंबर, 2024 को फ्रांस के पेरिस में मुख्य विज्ञान सलाहकार गोलमेज सम्मेलन के 2024 संस्करण का सह-आयोजन करेंगे।

- उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन प्रारंभ हुआ।
- भारत और फ्रांसीसी नौसेना के बीच भूमध्य सागर में 22 वाँ 'वरुण' संयुक्त सैन्य अभ्यास हुआ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी दी।
- राजस्थान सरकार ने अपने तरह के पहले महामारी की तैयारी के लिए 'विषाणु युद्ध अभ्यास' का आयोजन किया।
- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'नोटरी पोर्टल' लॉन्च किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र में 'विश्वशांति बुद्ध विहार' का उद्घाटन किया।
- पेरिस 2024 पैरालिंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में शरद कुमार ने रजत पदक जीता।

---

**इसे भी पढ़े :-**
Download | October-2024 Monthly Current Affairs
August 2024 Monthly Current Affairs | Download PDF

---

# 6 September 2024 Current Affairs

- 'कर्मचारी भविष्य निधि योजना' (EPFO) के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी 2025 से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक में अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे।
- नई दिल्ली में 11 से 13 सितंबर तक 'ग्रीन हाइड्रोजन'पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा।
- 'भारतीय रिजर्व बैंक' (RBI) के केंद्रीय निदेशक मंडल की 610वीं बैठक 04 सितंबर को मुंबई में आयोजित की गई है।
- भारतीय वस्त्रों का वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के लिए एक वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक-2025' अगले वर्ष फरवरी में आयोजित की जाएगी।
- अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनायक ने राजधानी ईटानगर के राजभवन में 'असम राइफल्स' (Assam Rifles) के जवानों को 13 स्वर्ण पदक और

10 रजत पदक प्रदान किए हैं।
- भारत-यूएसए के बीच 'युद्ध अभ्यास' का 20वां संस्करण राजस्थान में प्रारंभ होगा।
- हरविंदर सिंह पैरालिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने।भारत के पहले स्वदेशी लड़ाकू मानवरहित विमान 'FWD 200B' का सफल परीक्षण हुआ।

---

# 7 September 2024 Current Affairs

- पेरिस पैरालंपिक 2024 में 05 सितंबर को 'कपिल परमार' ने पुरुषों की जे-1 जूडो स्पर्धा के 60 किलोग्राम वर्ग में ब्राजील के एलील्टन डी ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया है।
- केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन की समय-सीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी है।
- 'भारतीय तटरक्षक बल' ने 05 सितंबर को दक्षिण कोरिया के इंछन में एशियाई तटरक्षक एजेंसियों के प्रमुखों की 20वीं बैठक में भाग लिया है।
- केंद्र सरकार ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग के साथ संघर्षविराम समझौते को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।
- अफ्रीका में मंकीपॉक्स की रोकथाम में सहायता के लिए 'माल्टा' यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों में शामिल हुआ है।
- भारतीय सेना ने लद्दाख में सीमावर्ती गांवों के युवाओं में खेल, शारीरिक फिटनेस और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए 31 अगस्त से 4 सितंबर के बीच बटालिक में पांच दिवसीय 'अंतर-ग्राम वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन किया है।
- 'जसदीप सिंह गिल' (Jasdeep Singh Gill) राधा स्वामी सत्संग डेरा व्यास के नए मुखी बने है। बता दें कि बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जसदीप सिंह गिल का नाम घोषित किया है।
- 'केंद्रीय आयुष मंत्रालय' की घोषणा के अनुसार आयुर्वेद, यूनानी, योग और होम्योपैथी चिकित्सा के लिए नेशनल एग्जिट परीक्षा (NExT) 2021-2022 बैच और उससे आगे के बैचों

के लिए अनिवार्य होगी।

---

# 8 September 2024 Current Affairs

- पेरिस पैरालंपिक 2024 में 'प्रवीण कुमार' ने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 07 सितंबर को बिहार के 'दरभंगा' और 'मुजफ्फरपुर' में दो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों का उद्घाटन करेंगें।
- पेरिस पैरालंपिक 2024 में 'होकाटो होतोज़े सेमा' ने पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
- भारत ने मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल के इमर्जिंग मार्केट्स इन्वेस्टेबल मार्केट सूचकांक में 'चीन' को पीछे छोड़ दिया है।
- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने 9 अन्य हवाईअड्डों पर 'डिजी यात्रा सुविधा' (Digi Yatra Facility) का उद्घाटन किया है।
- प्रधानमंत्री गतिशक्ति पहल के अंतर्गत 'नेटवर्क प्लानिंग समूह'-NPG की 78वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' पार्टी में शमिल हुए हैं।
- रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 06 सितंबर, 2024 को 'रांची' में पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए एक नौकरी मेले का उद्घाटन किया है।

---

# 9 September 2024 Current Affairs

- बेलारूस की 'एरीना सबालेंका' ने पहली बार अमरीकी ओपन (US Open 2024) का खिताब अपने नाम किया है।

- भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन 'आशा छात्रवृति' कार्यक्रम के तहत 10 हजार मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देगा। बता दें कि यह छात्रवृत्ति छठी कक्षा से स्नातकोत्तर तक के वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाएगी।
- दिल्ली स्थित 'ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाएटी' में 08 सितंबर से पांच दिवसीय राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी 'ह्यूज' का आयोजन किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने 1987 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी 'तुहिन कांत पांडेय' को नया वित्त सचिव नामित किया है।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 07 सितंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 'सैनिक स्कूल' का उद्घाटन किया है।
- पंचायती राज मंत्रालय और 'संयुक्त राष्ट्र बाल कोष'(UNICEF) ने सामाजिक परिवर्तन की प्रणालियों को मजबूत बनाने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए है।
- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 'भारत-खाड़ी सहयोग परिषद' के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में भाग लेने के लिए 08 सितंबर को सऊदी अरब की राजधानी रियाद गये।
- देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब यूएस डॉलर के नए रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

---

# 10 September 2024 Current Affairs

- टाइम मैगजीन (Time Magazine) ने सूचना और प्रसारण मंत्री 'अश्विनी वैष्णव' को प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सबसे अधिक महत्वपूर्ण लोगों की सूची में शामिल किया है।
- 'एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय' 09 सितंबर से दिल्ली में तीनों सेनाओं के अधिकारियों के लिए पहला संयुक्त परिचालन समीक्षा और मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित करेगा।
- इस वर्ष सितंबर के पहले सप्ताह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजारों में लगभग '11 हजार करोड़ रुपये'का निवेश किया है।
- केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 09 सितंबर को 'वस्तु और सेवाकर' (GST) परिषद की

54वीं बैठक की अध्यक्षता की।

- संयुक्त राष्ट्र महासभा 2024 के आम सत्र को भारत की ओर से एस जयशंकर संबोधित करेंगे।
- मिशेल बार्नियर ने हाल ही में फ्रांस देश के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला है।
- एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन चीन में किया जा रहा है।
- रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने है।

---

## 11 September 2024 Current Affairs

- भारत 25 से 30 नवंबर तक नई दिल्ली में 'वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024' का आयोजन करेगा।
- गुजरात के सूरत शहर को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024' का खिताब दिया गया है।
- 'दिल्ली सरकार' ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में 'सेमीकॉन इंडिया 2024' सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन का आयोजन 11 से 13 सितंबर तक "शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर" विषय पर किया जा रहा है।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 09 सितंबर को 'लाडली बहना योजना' के अंतर्गत एक करोड़ उनतीस लाख महिलाओं के खातों में एक हजार 574 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 से 18 सितंबर तक गुजरात के गांधीनगर में 'ग्लोबल नवीकरणीय ऊर्जा निवेदश सम्मेलन 2024' और प्रदर्शनी के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे।
- चीन में 'एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट' में 09 सितंबर को भारत ने जापान को 5-1 से हराया है।
- नेपाल के प्रथम निर्वाचित प्रधानमंत्री 'बीपी कोइराला'(BP Koirala) की 111वीं जयंती 09 सितंबर को पूरे नेपाल में मनाई गई है।

Disclaimer: Despite our best efforts, errors or omissions may occur, and we hold no responsibility for them.

# 12 September 2024 Current Affairs

- 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' का 79वां सत्र 10 सितंबर से न्यूयॉर्क में शुरू हुआ है।
- रूस ने अपने सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास "ओशिन-2024" की 10 सितंबर से शुरुआत की है। यह अभ्यास प्रशांत और आर्कटिक महासागरों के साथ-साथ भूमध्यसागरीय, कैस्पियन और बाल्टिक सागरों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।
- नागरिक उड्डयन मंत्रालय का 'दूसरा एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' 11 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी 'पीएम आवास योजना' के लाखों लाभार्थियों को 2745 करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे।
- 'यूरोपीय संघ' ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-AI फैक्ट्री स्थापित करने का आह्वान किया है। ये फैक्ट्रियां स्टार्टअप, उद्योग और शोधकर्ताओं जैसे कई यूरोपीय उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होंगी।
- आकाशवाणी दिल्ली, 11 सितंबर को सुब्रतो कप(Subroto Cup) फुटबाल मैच की हिंदी और अंग्रेजी में लाइव कमेंट्री प्रसारित करेगा। बता दें कि लाइव प्रसारण शाम पांच बजकर 45 मिनट से मैच की समाप्ति तक प्रसारित किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सितंबर को नई दिल्ली में नवगठित 'अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन' की पहली शासी बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की है।
- कर्नाटक के मैसूर आकाशवाणी रेडियो स्टेशन ने 10 सितंबर को अपनी 90वीं वर्षगांठ मनाई है। आपको बता दें कि 10 सितंबर 1935 को भारत के पहले निजी रेडियो प्रसारक के रूप में रेडियो मैसूर शुरू हुआ था।

## 13-14-15 September 2024 Current Affairs

- 'दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप' के दूसरे दिन 12 सितंबर को भारत ने चेन्नई में नौ स्वर्ण पदक जीते हैं।
- IBM और 'लार्सन एंड टुब्रो' ने सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में उन्नत प्रोसेसर का संयुक्त विकास करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव 'सीताराम येचुरी' का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।
- 'ओडिशा सरकार' ने वर्दीधारी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण और आयु में तीन वर्ष की छूट देने के साथ शारीरिक परीक्षण नहीं लेने का निर्णय लिया है।
- केंद्रीय मंत्री 'डॉ. जितेन्द्र सिंह' 13 सितंबर को विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रगति की निगरानी करने के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।
- 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत आने वाले सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा।
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत 'राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान' (NIMI) ने 12 सितंबर को यूट्यूब चैनलों की एक श्रृंखला शुरू की है।
- अमरीका ने भारत को 'हाई एल्टीटयूट पनडुब्बी रोधी प्रणाली'-सोनोबॉय बेचने का निर्णय लिया है।

---

## 16 September 2024 Current Affairs

- भारतीय जेवलिन थ्रो स्टार 'नीरज चोपड़ा' ब्रुसेल्स में हुए डायमंड लीग 2024 के फाइनल मुकाबले में 87.86 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे है। जबकि ग्रेनेडा के 'एंडरसन पीटर्स' ने 87.87 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और खिताब अपने नाम किया।
- श्रीलंका में 21 सितंबर 2024 को राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

- '55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024'गोवा में 20 से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा।
- श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 15 सितंबर को गुजरात के राजकोट में पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तीसरी क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- राजस्थान में राज्य के मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल शिक्षा के पाठ्यक्रम अब हिन्दी में भी उपलब्ध होंगे।
- गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित, हिंदी दिवस समारोह और अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" से सम्मानित किया है।
- नागर विमानन मंत्रालय 2 से 31 अक्टूबर 2024 तक विशेष अभियान 4.0 में भाग लेगा, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों का निपटारा करना और स्वच्छता को बढ़ावा देना है।
- हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड के चौथे राउंड में, ओपन और महिला– दोनों वर्गों में भारतीय टीम ने शानदार जीत हासिल की है।

## 17 September 2024 Current Affairs

- बैडमिंटन खिलाड़ी 'अनमोल खरब' (Anmol Kharb) ने बेल्जियम इंटरनेशनल 2024 में महिला सिंगल्स मुकाबला जीतकर अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब हासिल किया है।
- नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) 15 सितंबर से 'एकीकृत भुगतान व्यवस्था' (UPI) की भुगतान सीमा एक लाख से बढाकर पांच लाख कर रही है।
- स्पेसएक्स क्रू 'पोलारिस डॉन' (Polaris Dawn) पांच दिनों तक कक्षा में रहने के बाद 15 सितंबर को चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया है।
- संयुक्त अरब अमीरात में उत्कृष्टता के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान में 15 सितंबर को दुबई में 'भारतीय महिला दुबई पुरस्कार 2024' प्रदान किए गए हैं।

- 'चौथा ग्लोबल जैव इंडिया 2024' सम्मेलन 15 सितंबर को नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इसमें जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय कौशल का प्रदर्शन किया गया था।
- 'हिंदी दिवस' पर केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 14 सितंबर को स्मारक डाक टिकट जारी किया है।
- भारत और अर्जेंटीना ने 13 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में 'विदेश कार्यालय परामर्श' (FOC) का 7वां दौर आयोजित किया है।
- देश की पहली नमो भारत रैपिड रेल का उद्घाटन गुजरात राज्य में किया गया।

---

# 18 September 2024 Current Affairs

- केंद्र सरकार 17 सितंबर से देशभर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024' शुरू करेगी। इस वर्ष की थीम है स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन 18 सितंबर को नई दिल्ली में 'एनपीएस-वात्सल्य योजना' (NPS Vatsalya Scheme) का शुभारंभ करेंगी।
- भारत ने 'तूफान यागी' (Cyclone Yagi) से प्रभावित देशों म्यामांर, लाओस और वियतनाम में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन सद्भाव'(Operation Sadbhav) शुरु किया है।
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. मानिक शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को त्रिपुरा के बरखाथल में नव-निर्मित 'सिद्धेश्वरी मंदिर' का उद्घाटन किया है।
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में 'भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री'- भास्कर का शुभारंभ किया है।
- केंद्रीय जलमार्ग मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने तमिलनाडु की 'थूथुकुडी बंदरगाह' (Thoothukudi Port) पर नौवें कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन किया है।
- 'जम्मू-कश्मीर' में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा।
- पीएम मोदी ने ओडिशा राज्य में सुभद्रा योजना की शुरुआत की हैं।

Disclaimer: Despite our best efforts, errors or omissions may occur, and we hold no responsibility for them.

---

# 19 September 2024 Current Affairs

- भारत ने 'ऑपरेशन सद्भाव'(Operation Sadbhav) के तहत म्यांमार को आपात मदद के तहत दस लाख डॉलर मूल्य की 53 टन बाढ़ राहत सामग्री भेजी है।
- पुर्तगाल सरकार ने मशहूर फुटबाल खिलाड़ी 'क्रिस्टियानो रोनाल्डो' के सम्मान में एक विशेष सिक्का जारी किया है। बता दें कि पुर्तगाल सरकार ने सिक्के का मूल्य 7 यूरो रखा है, जो रोनाल्डो की जर्सी का नंबर है।
- प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी' क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 21 सितंबर को अमरीका जाएंगे।
- विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 17 सितंबर को नई दिल्ली में भारत में रोमानिया की राजदूत डेनिएला मारियाना सेजोनोव के साथ भारत-रोमानिया संयुक्त स्मारक डाक टिकट जारी किया है।
- आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता 'आतिशी मार्लेना' ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश किया है।
- अमेरिकी कंपनी 'मेटा' ने रूस की कई सरकारी मीडिया कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद रोसिया, सेगोडन्या, आरटी और अन्य संबंधित कंपनियां अब प्रतिबंधित रहेंगी।
- 'डाक घर निर्यात केन्द्र' ने स्वचालित आईजीएसटी रिफंड और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान समाधान सुविधा के साथ निर्यात सेवाओं का विस्तार किया है।
- राष्ट्रपति निलयम में 29 सितंबर से 6 अक्टूबर तक 'भारतीय कला महोत्सव' के पहले संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

---

# 20 September 2024 Current Affairs

- बांग्लादेश में 'प्रोफेसर मोहम्मद युनूस' की नेतृत्व वाली सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार के

लिए सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारियों को कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की है।

- अमरीका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने चार वर्षों में पहली बार ब्याज दरों में कटौती की है।
- आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की मेजबानी स्कॉटलैंड का 'ग्लासगो'शहर करेगा।
- केंद्रीय केबिनेट ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- बॉलीवुड अभिनेत्री 'ऐश्वर्या राय बच्चन' को 'साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स', (SIIMA) 2024 में बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मिला है।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के बारे में चार दिवसीय कार्यक्रम, 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' 19 सितंबर से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने 18 सितंबर को नई दिल्ली में 'एनपीएस वात्सल्य योजना' (NPS Vatsalya Scheme) की शुरूआत की है।
- केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने 18 सितंबर को 'इस्पात में हरित क्रांति: सतत नवाचार' विषय पर दो-दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया है।

---

# 21 September 2024 Current Affairs

- नई दिल्ली में 19 सितंबर को 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र' (IGNCA) में पांचवें नदी उत्सव का उद्घाटन किया गया है।
- यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष 'उर्सुला वॉन डेर लेन' ने बाढ़ग्रस्त मध्य यूरोपीय देशों के लिए 10 अरब यूरो की सहायता की घोषणा की है।
- भारतीय सेना ने 18 सितंबर को दिल्ली कैंट स्थित सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज में 'तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू' (TMR) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।
- गैर संचारी रोगों (NCD) के रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) को प्रतिष्ठित 'यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार'से सम्मानित किया जाएगा।
- तकनीकी नवाचार में भारत के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र, भारत

व 'विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी' और 'विश्वेश्वरैया अनुसंधान और नवाचार फाउंडेशन' के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- श्रम और रोजगार मंत्रालय पूर्वी राज्यों के साथ ओडिशा के 'भुवनेश्वर' में चौथी क्षेत्रीय बैठक का आयोजन करेगा।
- मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 टाइटल ध्रुवी पटेल ने जीता।
- जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 में भारत के धनुष लोगानाथन ने कांस्य पदक जीता।

---

# 22 September 2024 Current Affairs

- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने महिलाओं को सशक्त बनाने, कुपोषण से लड़ने, दूध खरीद बढ़ाने और सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए 'श्वेत क्रांति 2.0' (White Revolution 2.0) का शुभारंभ किया है।
- '45वें शतरंज ओलंपियाड' में 9वें राउंड में उज्बेकिस्तान से ड्रॉ के बाद भारत शीर्ष स्थान पर काबिज है।
- तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे में 20 सितंबर को शारजाह में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने 'दक्षिण अफ्रीका' को 177 रन से हराया है।
- संयुक्त राज्य अमरीका की भारतीय मूल की छात्रा ध्रुवी पटेल (Dhruvi Patel) ने 'मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024' का टाइटल अपने नाम किया है।
- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 20 सितंबर को नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से 'भारत-नेपाल मैत्री यात्रा पर्यटक रेल' (Bharat-Nepal Maitri Yatra) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस रेल के माध्यम से पर्यटक भारत और नेपाल सीमा पर स्थित धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने 21 सितंबर को राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में 'वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन किया है।
- संयुक्त राष्ट्र ने चक्रवाती तूफान 'टाइफून यागी' (Typhoon Yagi) से हुई क्षति के बाद

वियतनाम सरकार की सहायता के लिए 20 लाख अमरीकी डॉलर आवंटित किए हैं।

- प्रसिद्ध मलयालम थिएटर और फिल्म हस्ती 'कवियूर पोन्नम्मा' (Kaviyoor Ponnamma) का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

---

## 23-24 September 2024 Current Affairs

- भारतीय नौसेना 23 सितंबर को गोवा के नेवल वार कालेज में, 'पांचवीं गोवा नौवहन संगोष्ठी' की मेजबानी करेगी।
- मध्य प्रदेश कैडर के 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी 'आलोक रंजन' को 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' का निदेशक नियुक्त किया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरीका के 'बोस्टन' और 'लॉस एंजेल्स' में दो नए भारतीय वांणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की है।
- प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता 'चिरंजीवी कोनिडेला' (Chiranjeevi Konidela) को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा भारतीय फिल्म उद्योग में उत्कृष्ट अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर'को 'इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2024' में नॉमिनेट किया गया है।
- केंद्र सरकार ने 21 सितंबर को '8 हाई कोर्ट' के चीफ जस्टिस की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, मध्य प्रदेश, केरल, मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की थी।
- भारतीय रेलवे, IRCTC और उत्तराखंड पर्यटन विकास निगम के साथ मिलकर केदारनाथ, बदरीनाथ और अन्य तीर्थों की यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए 'भारत गौरव ट्रेन' चलाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री 'के.पी. शर्मा ओली' और कुवैत के युवराज 'शेख सबाह अल खालिद अल सबाह' के साथ अमरीका में द्विपक्षीय वार्ता की है।

Disclaimer: Despite our best efforts, errors or omissions may occur, and we hold no responsibility for them.

## 25-26 September 2024 Current Affairs

- '10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन' 23 सितंबर को नई दिल्ली में शुरू हुआ है। इस दो दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला करेंगे।
- 'इंडिया-A' ने आखिरी मुकाबले में इंडिया-C को 132 रनों से हराकर दिलीप ट्रॉफी 2024 का खिताब जीता है।
- फिल्म निर्माता किरण राव के डायरेक्शन में पिछले साल रिलीज हुई कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'लापता लेडीज़' (Laapataa Ladies) को श्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की अधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है।
- 'रिया सिंघा' (Rhea Singha) ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 (Miss Universe India 2024) का खिताब अपने नाम किया है।
- हाल ही में भारत में मंकीपॉक्स के 'क्लेड 1बी वेरिएंट'का पहला मामला सामने आया है।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में 'इंटरनेशनल ट्रेड शो' (UP International Trade Show) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। पांच दिवसीय ट्रेड शो का समापन 29 सितंबर को होगा।
- नई दिल्ली में 23 सितंबर को हाइफ़ा युद्ध के शहीदों के सम्मान में 'हाइफ़ा दिवस' (Haifa Day) मनाया गया है।
- वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 'मेगाहब' हवाई अड्डों में दिल्ली हवाई अड्डे को 24वां स्थान मिला।

## 27-28 September 2024 Current Affairs

- अमरीका, फ्रांस और उनके कुछ सहयोगी देशों ने इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई बढ़ने के बाद 'इजरायल-लेबनान सीमा' पर 21 दिनों के तत्काल संघर्षविराम का आह्वान किया

Disclaimer: Despite our best efforts, errors or omissions may occur, and we hold no responsibility for them.

है।

- गृह मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के कुछ जिलों में 'अफस्पा' Armed Forces (Special Powers) Act को 1 अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है।
- हाल ही में 'तेलंगाना सरकार' ने इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए इंटर्नशिप पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई है।
- 'भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण' (TRAI) ने SMS ट्रैफिक के लिए व्हाइटलिस्टेड यूआरएल, एपीकेएस या ओटीटी लिंक को अनिवार्य किया है।
- हर वर्ष 26 सितंबर को दुनियाभर में 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है।
- फाइटर पायलट 'एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर धारकर' (Air Marshal SP Dharkar) भारतीय वायुसेना के नए उप-प्रमुख बनेंगे।
- भारत के 'कमल चावला' ने आईबीएसएफ विश्व पुरुष- सिक्स रेड स्नूकर चैंपियनशिप जीती है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को पुणे में देश में विकसित तीन 'परम रुद्र सुपर कम्प्यूटर' (Param Rudra Supercomputer) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

---

## 29 September 2024 Current Affairs

- देश के पूर्व रक्षा मंत्री और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता 'शिगेरु इशिबा' (Shigeru Ishiba) जापान के नए प्रधानमंत्री बने हैं। वे अगले हफ्ते से कार्यभार संभालेंगे।
- 'भारतीय रेलवे' आगामी त्योहारों के अवसर पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच 6000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा।
- नवोदय विद्यालय समिति ने 'जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025' के लिए आवेदन की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी है।
- ऑस्कर विजेता अभिनेत्री 'डेम मैगी स्मिथ' का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 'हैरी पॉटर' फिल्म में उन्होंने प्रोफेसर Minerva McGonagall का किरदार निभाया था। उन्हें The Prime of Miss Jean Brodie के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 सितंबर को हैदराबाद के सिकंदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम में 'भारतीय कला महोत्सव 2024' का शुभारंभ करेंगी।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार 28 सितंबर को पुणे में '20वें दिव्य कला मेले' का उद्घाटन करेंगे।।
- ताशकंद में 27 सितंबर को भारत और उज्बेकिस्तान ने 'द्विपक्षीय निवेश-संधि' पर हस्ताक्षर किए हैं।।

---

## 30 September 2024 Current Affairs

- प्रतिवर्ष 29 सितंबर को दुनियाभर में 'विश्व हृदय दिवस' मनाया जाता है।
- प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी' 29 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 11 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- भारत का 'विदेशी मुद्रा भंडार' 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में दो अरब 83 करोड़ डॉलर बढ़कर 692 अरब 29 करोड़ डॉलर के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।
- 'मकाओ ओपन' (Macau Open) के महिला डबल्स के सेमीफाइनल में भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को सीह पेई शैन और हुंग एन-जू की ताइवान की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है।
- भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'थिंक 24' (THINQ24) के लिए स्कूल टीमों को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। अब यह स्कूल 14 और 15 अक्टूबर को जोनल राउंड में भाग लेंगे, जो ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा।
- हाल ही में केंद्र सरकार ने 'गैर बासमती सफेद चावल'के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसके साथ ही 'बॉयल्ड राइस' पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में बदलाव कर इसे आधा कर दिया गया है।

---

# बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

**Ques. 1: हाल ही में समाचारों में दिखाई देने वाला कैनरी द्वीपसमूह, किस महासागर में स्थित है ?**

○ (A) अटलांटिक महासागर
○ (B) भारतीय महासागर
○ (C) प्रशांत महासागर
○ (D) आर्कटिक महासागर

**Ques. 2: 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव की सिफारिश करने वाली उच्च स्तरीय समिति का नेतृत्व किसने किया ?**

○ (A) नरेंद्र मोदी
○ (B) अश्विनी वैष्णव
○ (C) राम नाथ कोविन्द
○ (D) अमित शाह

**Ques. 3: 24 सितंबर 2024 को संपन्न हुए 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की ?**

○ (A) राजनाथ सिंह
○ (B) ओम बिरला
○ (C) नरेंद्र मो
○ (D) अमित शाह

**Ques. 4: एशिया पावर इंडेक्स 2024 में भारत किस देश को पछाड़कर एशिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बनकर उभरा है ?**

○ (A) चीन
○ (B) दक्षिण कोरिया
○ (C) जापान
○ (D) रूस

**Ques. 5: प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है ?**

○ (A) 25 सितंबर
○ (B) 27 सितंबर
○ (C) 5 अक्टूबर
○ (D) 15 नवंबर

**Ques. 6: गिर संरक्षित क्षेत्र के आसपास इको-सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) घोषित करने का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

○ (A) पर्यटन को बढ़ावा देना
○ (B) सतत विकास के साथ एशियाई शेरों के संरक्षण को संतुलित करें
○ (C) वन क्षेत्र बढ़ाना
○ (D) नए गाँव बनाएँ

**Ques. 7: अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाने के लिए नासा और स्पेसएक्स द्वारा शुरू किए गए मिशन का नाम क्या है ?**

○ (A) आर्टेमिस I
○ (B) क्रू-9

○ (C) ओरायन 5
○ (D) ड्रैगन 4

**Ques. 8: वह भारतीय एथलीट कौन है जिसने सितंबर 2024 में जापान में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया ?**

○ (A) अविनाश साबले
○ (B) गुलवीर सिंह
○ (C) नीरज चोपड़ा
○ (D) जिन्सन जॉनसन

**Ques. 9: 28 सितंबर 2024 को SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप का खिताब किस देश ने जीता ?**

○ (A) बांग्लादेश
○ (B) भारत
○ (C) भूटान
○ (D) नेपाल

**Ques. 10: दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्ता कौन हैं ?**

○ (A) अमिताभ बच्चन
○ (B) रजनीकांत
○ (C) मिथुन चक्रवर्ती
○ (D) कमल हासन

TuitionCourse.com

**Ques. 11: सितंबर 2024 में शुरू हुए भारत और कजाकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का क्या नाम है ?**

○ (A) युद्ध अभ्यास
○ (B) शक्ति
○ (C) काज़िंद
○ (D) इंद्र

**Ques. 12: सितंबर 2024 में G20 समिट का आयोजन किस देश ने किया ?**

○ (A) भारत
○ (B) ऑस्ट्रेलिया
○ (C) ब्राज़ील
○ (D) इंडोनेशिया

TuitionCourse.com